## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।

दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com

जल सारथी

पत्रांक : 4768 / बी-3 / 46 दिनांक : 05/09/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **दिनांक 04.09.2026 को दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''जल जीवन मिशन से ग्रामीणों को परेशानी:हरदोई के राभा में महीनों से खुदी सड़कें, पाइप लीक से बह रहा पानी, लोग हो रहे चोटिल'', के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दिनांक 04.09.2026 को दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर ''जल जीवन मिशन से ग्रामीणों को परेशानी:हरदोई के राभा में महीनों से खुदी सड़कें, पाइप लीक से बह रहा पानी, लोग हो रहे चोटिल'' शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद–हरदोई के विकास खण्ड पिहानी तहसील शाहाबाद की राभा पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत हैः–

| बिन्दु | प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|---|
| 1. | हरदोई के राभा ग्राम पंचायत में ''जल जीवन मिशन'' योजना ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई आरसीसी सड़क महीनों बाद भी वैसी की वैसी खुदी पड़ी है, जिससे लोगों को काफी दिक्कत हो रही है।<br>गांव की मुख्य गली को बीच से खोदकर पाइप डाले गए हैं। ये पाइप कई बार जोड़ने के बाद भी लीक करते रहते हैं। लीकेज के कारण जगह–जगह गड्ढे बन गए हैं, जिनसे लगातार पानी बहता रहता है। बारिश के मौसम में ये गड्ढे कीचड़ में बदल जाते हैं, जिससे पूरी गली में फिसलन हो जाती है।<br>स्थानीय निवासी शादाब, रामशंकर, रफीक और गुड्डू ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों को लगातार परेशानी हो रही है। | उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड पिहानी तहसील शाहाबाद की राभा पेयजल योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 1590 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 25.495 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 640 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 24. 663 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है, जिन्हे अक्टूबर 2026 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।<br>शिकायत के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड पिहानी तहसील शाहाबाद की राभा पेयजल योजना की ग्राम पंचायत राभा में ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल पाइप लाइन का कार्य एच0डी0डी0 मशीन द्वारा कराया गया है, वर्तमान में ग्राम राभा के विभिन्न मजरों में सी0सी0 रोड में पिट लगाकर पेयजल गृह संयोजन अधिष्ठापन का कार्य किया जा रहा है। पेयजल गृह संयोजन हेतु सी0सी0 रोड में किये गये गढ्डों की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य शीघ्रातिशीघ्र कर दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि पिहानी तहसील शाहाबाद की राभा पेयजल योजना के समस्त मजरों में (अकेलापुरवा, हंसापुरवा, झवरिया, करिमुल्लापुर, नटपुरवा, रैलाखेड़ा, सैदापुर, |

| | | |
|---|---|---|
| | | तालपारपुर, एवं उटेरपुर को छोड़कर) क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है। |

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

**फोटो संलग्नक**






**भवदीय**

**(मनीष गंगवार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) महोदय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
4. संबंधित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता।
5. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**